मुन्तकिली प्रकरण संख्या 27/2021 (RCMS : 2022/ 43) अनवान 1. मनमोहन सिंह पुत्र श्री करतार सिंह जाति अरोड़ा निवासी 5 जैड़ तहसील व जिला श्रीगंगानगर 2. सतनाम सिंह पुत्र श्री करतार सिंह जाति अरोड़ा निवासी 5 जैड़ तहसील व जिला श्रीगंगानगर 3. इन्द्रजीत कौर पत्नी मनमोहन सिंह जाति अरोड़ा निवासी 5 जैड़ तहसील व जिला श्रीगंगानगर बनाम 1. मुकेश कुमार शाह पुत्र स्व. शिव प्रसाद शाह जाति अग्रवाल निवासी आरएस 08 रिद्धी सिद्धि इन्क्लेव फर्स्ट, श्रीगंगानगर 2. संजय अग्रवाल तहसीलदार, श्रीगंगानगर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

16.02.2022

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण मनमोहन सिंह, सतनाम सिंह एवं इन्द्रजीत कौर को बार–बार आवाज़ लगाई गई किन्तु वे उपस्थित नहीं आये। पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया कि प्रार्थीगण की ओर से यह मुंतकिल प्रार्थना पत्र अप्रार्थीगण मुकेश कुमार शाह एवं संजय अग्रवाल, तहसील श्रीगंगानगर के विरूद्ध पेश करके प्रार्थना की थी कि चक 5 जैड़ तहसील श्रीगंगानगर खाता संख्या 8/8 व 2/2 के इंतकाल संख्या 111, 112, 113 जो कम्प्यूटर में विचाराधीन है में अधीनस्थ न्यायालय से निष्पक्ष न्याय मिलने की सम्भावना नहीं है अतः उक्त प्रकरण किसी अन्य सक्षम न्यायालय में मुन्तकिल किया जावे।

चूंकि यह प्रकरण एडमिशन के बिन्दु पर ही इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रार्थीगण मनमोहन सिंह, सतनाम सिंह एवं इन्द्रजीत कौर को बार बार आवाज़ लगाने पर भी वे उपस्थित नहीं आये है, जिससे यह प्रतीत होता है कि प्रार्थीगण को इस प्रकरण में किसी प्रकार की कोई दिलचस्पी नहीं है। **अतः यह मुन्तकिली प्रार्थना पत्र अदम पैरवी व अदम हाजरी में खारिज किया जाता है। आदेश की प्रति अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार, श्रीगंगानगर को भिजवाई जावे।** प्रकरण दर्ज रजिस्टर होकर नम्बर से कम हो।

यह आदेश आज दिनांक 16.02.2022 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rukmani Riar
Date: 2022.04.11 13:07:18 IST
Reason: SelfAttested

(रूक्मणि रियार)
जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर

जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर